तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024



14 खान-खनिज संरक्षण सप्ताह में निरीक्षण दल ने...





14 यूनिसेफ के नोनी जोहर कार्यक्रम में शामिल...








श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## निर्वाचन : आरक्षण की प्रक्रिया आज की जाएगी

# नगरीय निकायों के दिग्गज पार्षदों का बिगड़ सकता है समीकरण, नए वार्डों की तलाश में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अंतागढ़ नगर पंचायत में ओबीसी का आरक्षण हो सकता है शून्य
- ओबीसी वर्ग के लिए भानुप्रतापपुर में 2, चारामा में 4 और पखांजूर 1 सीट पर आरक्षण मिलने की संभावना

नगरपालिका कांकेर, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर के वार्डो का आरक्षण 17 दिसंबर को होना था, परंतु तैयारी नहीं हो पाने और नए आदेश जारी हो जाने के कारण अब 19 दिसंबर को आरक्षण होगा। नगर पालिका कांकेर के कई वार्ड जिस पर लंबे समय से पार्षद बनने वालों का इस बार के आरक्षण से समीकरण बिगड़ना तय है। समीकरण बिगड़ने के बाद यह दिग्गज पार्षद नए वार्ड की तलाश में आज से जुट जाएंगे। समीकरण बिगड़ने वाले वार्डो में अन्नपूर्णापारा, उदयनगर, शिवनगर, संजय नगर, शीतलापारा, आमापारा, भंडारीपारा, कंकालिनपारा, व अघननगर वार्ड पर दावेदारों की निगाहें टिकी हुई है।




### नगर पंचायत भानुप्रतापपुर का आरक्षण संभावित

भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के 15 वार्डों में से इस बार 1 अजा, 4 अजाजा, 2 ओबीसी और 8 वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित होंगे, जिसमें शंकर नगर अजा, शिवाजी वार्ड, शहीद भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री और लोकमान्य तिलक वार्ड अजाजा के लिए आरक्षित होगा, इसमें एक वार्ड लाटरी से महिला के लिए आरक्षित किया जाएगा। दस वार्ड डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, गुरूनानक वार्ड, नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड, चंद्रशेखर आजाद, दुर्गा नयापारा और महाराणा प्रताप से दो वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित होंगे, उसमें एक महिला के लिए आरक्षित होगा। शेष आठ वार्ड अनारक्षित होंगे, जिसमें 2 वार्ड महिला के लिए आरक्षित होंगे।

जानकारी के अनुसार जिले की एक नगरपालिका का आरक्षण निर्धारित समय सुबह 11 बजे से शुरू होगा और उसके उपरांत विहित अधिकारी कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर सबसे पहले वार्ड वार जनसंख्या की जानकारी देंगे। इसके बाद सबसे पहले अनुसूचित जाति की जनसंख्या के तहत दो वार्ड आरक्षित की जानकारी देंगे, जिसमें सुभाष वार्ड व जनकपुर को आरक्षित किया गया। इसके उपरांत अनुसूचित जनजाति के लिए अलबेलापारा, माहुरबंदपारा, एमजी वार्ड और बरदेभाठा वार्ड को आरक्षित होने की जानकारी दिया जाएगा। अलबेलापारा वार्ड 2019 में महिला हो जाने के कारण अब अन्य तीन वार्डों में लाटरी निकालकर एक वार्ड महिला के लिए आरक्षित किया जाएगा।

### नगर पंचायत चारामा का आरक्षण संभावित

चारामा नगर पंचायत के 15 वार्डो में से इस बार अजा के लिए 01 वार्ड, अजाजा के लिए 02 वार्ड और ओबीसी के लिए 04 वार्ड का आरक्षण किया जाएगा और 8 वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए रहेगा। 2019 के आधार पर इस बार भीमराव अंबेडकर वार्ड अजा के लिए, महाराणा प्रताप वार्ड अजाजा महिला के लिए और गुरूनानक वार्ड अजाजा के लिए आरक्षित होगा। छत्रपति शिवाजी वार्ड, रानी दुर्गावती वार्ड, लोकमान्य गंगाधर तिलक वार्ड और लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2019 में आरक्षित थे, इन वार्डो को अब अनारक्षित माना जाएगा। शेष आठ वार्डो पं जवाहर लाल, इंदिरा गांधी, माता शीतला वार्ड, पं. दीनदयाल वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, सुभाषचंद्र वार्ड, शहीद भगत सिंह और महात्मा गाँधी वार्ड में से चार वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए लाटरी के माध्यम से निकाला जाएगा और उसमें एक वार्ड लाटरी से महिला के लिए निकाला जाएगा। अनारक्षित के 8 वार्डो में से 2 वार्ड महिला के लिए लाटरी सिस्टम से निकालकर आरक्षित किया जाएगा।

### नगर पंचायत पखांजूर का आरक्षण

पखांजुर नगर पंचायत के 15 वार्डों में से इस बार 1 अजा, 2 अजाजा, 1 ओबीसी और 11 वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित होंगे, जिसमें अजा वार्ड के लिए माँ शारदा वार्ड, अजाजा के लिए चंद्रशेखर और बजरंग वार्ड के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा 12 वार्ड महात्मा गांधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, शीतला माता वार्ड, भगत सिंह वार्ड,सुभाष चंद्र वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद गेंद सिंह, माँ दुर्गा वार्ड, डाँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, विवेकानंद वार्ड, रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड, डाँ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में से एक वार्ड ओबीसी के लिए और अन्य 11 वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित होगा, जिसमें 4 वार्ड महिला के आरक्षित होंगे, जो लाटरी सिस्टम से निकाला जाएगा।

### नगर पंचायत अंतागढ़ का आरक्षण संभावित

अंतागढ़ नगर पंचायत के 15 वार्डों में से इस बार 1 अजा, 6 अजाजा, ओबीसी शून्य और 8 वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित होंगे। अजा के लिए मिनीमाता वार्ड, अजाजा के लिए महादेव वार्ड, श्यामनगर वार्ड, बजरंग वार्ड, रानी दुर्गावती वार्ड और दो वार्ड का आरक्षण होगा, इसके उपरांत अन्य वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए होगा। इस बार ओबीसी के लिए एक भी वार्ड आरक्षित नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### ससीब स्थापना दिवस पर डीजी परेड और बड़ा खाना



**अंतागढ़।** सशस्त्र सीमा बल के 61 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ द्वारा वाहिनी के सभी कार्मिको द्वारा डीजी परेड किया गया और उसका सीधा प्रसारण शोसल मीडिया के प्लेटफार्म में भी किया गया। इसके उपरांत वाहिनी मुख्यालय में बड़ा खाना का आयोजन किया गया। उप कमांडेंट सुनील कुमार पासवान ने 61 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 28 वी वाहिनी के सभी बल कार्मिक को शुभकामनाए दिया।

### यूथ एवं इको क्लब संचालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्गुकोंदल।** समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत 16 एवं 17 दिसबंर को विकासखण्ड स्तर पर यूथ एवं इकोक्लब नोडल शिक्षक का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन लतीफ सोम खंड स्रोत समन्वयक दुर्गुकोंदल के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों से 61 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर घनश्याम औड़से, दिनेश ठाकुर और संतोष सलामें के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शास्त्र के दौरान एसपी कोसरे एव अंजनी मंडावी के द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को प्रोत्सहित व प्रेरित किया गया।

### वृद्ध मानसिक रोगी का शव मिला, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बिरनपुर निवासी 80 वर्षीय बिसनाथ यादव पिता बल्लूराम का 15 दिसंबर को मौत हो गया। मृतक का शव बीरनपुर के बांध के पास से बरामद किया गया है। बिरनपुर निवासी विकेश यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक का दिमागी हालत ठिक नही था। घर में किसी को जानकारी दिए बिना कही चला गया। पता तलाश करने के दौरान उसका शव बांध के पास मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने की सुविधा दी, आरोपी पकड़ाया

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 39 ईंद्रप्रस्थ निवासी सुमन मजूमदार पिता संतोष के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी द्वारा अन्य लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दिया जा रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने आरोपी को अवैध रूप से ग्राहको से शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हार्ट अटैक से अधेड़ नेताम की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर निवासी 52 वर्षीय जयसिंह नेताम का ईलाज के दौरान मौत हो गया। सीएचसी नरहरपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को हार्ट अटेक आया था। ईलाज के दौरान 17 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## निकाय चुनाव आरक्षण के लिए सहायक अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये पदों का आरक्षण) नियम 1994 के तहत पदों का आरक्षण की कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को सहायक के रूप में नियुक्त किया है। इसके लिए उन्होंने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार गुरुवार 19 दिसंबर को दोहपर 02 बजे अधिकारीगण आरक्षण स्थल कार्यालय जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित होकर विहित पदाधिकारी आरक्षण की कार्यवाही में सहयोग करेंगे। नगर पालिका परिषद कॉकेर के लिए अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर अशोक कुमार मारबल के सहायक अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार को, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आस्था राजपूत के सहायक अधिकारी मुख्य नगर पंचायत अधिकारी भानुप्रतापपुर हेमंत कुमार नेताम, नगर पंचायत अंतागढ़ के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंतागढ़ राहुल रजक के सहायक अधिकारी मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अंतागढ़ एचआर गोंदे, नगर पंचायत चारामा के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा) नरेंद्र कुमार बंजारे के सहायक अधिकारी के तौर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी चारामा दिलेश्वर सार्वा और नगर पंचायत ▶▶| शेष पेज 12 पर

## चेक पोस्ट लगाकर 19 वाहन चालकों से 21 हजार समन शुल्क की वसूली एवं साइलेंसर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर पुलिस ने चेक पोस्ट लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोडीफाई सायलेंसर व तेज रफ्तार से वाहन चालने वाले चालको के खिलाफ चलानी कार्यवाही करते हुए 21 हजार 500 रूपएं समन शुल्क वसूला गया। मोडीफाई सायलेंसर लगे वाहनों से सायलेंसर भी जप्त किया गया।

एसपी आईके ऐलेसेला के निर्देशन में तथा एएसपी पखांजूर डॉ. प्रशांत शुक्ला, एसडीओपी पखांजूर रवि कुमार कुजूर तथा थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में थाना पखांजूर क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने, मोडिफाई सायलेंसर लगाने, तेज रफ्तार वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाले वाहन चालाकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर फाईन लिया। कार्यवाही में बिना हेलमेट वाहन चालते हुए 4 प्रकरण में दो हजार रूपाएं, बिना सीटबेल्ट लगाने वाले वाहन चलाने के 7 प्रकरण में 3 हजार 500 रूपएं, मोडिफाई सायलेंसर लगाने वाले 7 वाहन चालको से 14 हजार रूपएं व तेज रफ्तार से चलाने वाले एक चालक से दो हजार रूपएं समंन शुल्क वसूला गया। मोटर व्हीकल एक्ट के कुल 19 प्रकरण चालानी कार्यवाही कर 21 हजार 500 रूपएं समंन शुल्क की वसूल की गई। कार्यवाही करने वाले अधिकारियों सउनि समोद शर्मा, प्रआर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दुष्कर्म का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार एवं बरामद नाबालिग परिजन के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा थाना क्षेत्र के नाबलिग बालिका के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर बात करना शुरू किया। शादी का झांसा देकर नाबालिग को अपने साथ गुजरात ले गया और दुष्कर्म किया। अपहरण की शिकायत पर चारामा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी का पता तालाश शुरू कर आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमांड पर जेल भेजा गया। नाबालिग के परिजन ने 4 दिसंबर को थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कही चली गई है, जिसका आस पड़ोस व रिश्तेदारों में पतासाजी किया गया, लेकिन कोई पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की शिकायत पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक169/2024 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामला नाबालिग बालिका के अपहरण से संबधित होने से मामले की गंभीरता के देखते हुए उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी चारामा के नेतृत्व में नाबालिग अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का सघन पता तलाश शुरू किया गया। इस दौरान अपहृता का गुजरात में होने की जानकारी मिली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसेला के दिशा निर्देशन पर पुलिस टीम गुजरात रवाना किया गया था, जहां नाबालिक अपहृता एवं संदेही का पता तलाश कर ग्राम घटिला थाना मालिया जिला मोरबी गुजरात से नाबालिग बालिका को आरोपी मध्यप्रदेश के जिला अली राजपुर, उदयगढ़ थानांतर्गत ग्राम छोटेउती निवासी 18 वर्षीय विजय देहदिया पिता सना देहदिया के कब्जे से बरामद कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है ।

### सोशल मीडिया में एक साल पहले हुआ था परिचय

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित का लगभग एक साल से आरोपी के साथ सोशल मिडिया के माध्यम से परिचय हुआ था, जिससे कभी कभी बातचीत होता था। कुछ दिनों बाद आरोपी बोला कि वह पीड़ित को पसंद करता एवं शादी करूंगा बोल कर अपने साथ ग्राम घटिला, थाना मालिया, जिला मोरबी गुजरात ले जाकर अपने साथ रखा। पुलिस ने नाबालिक को सचेत किया है कि सोशल मीडिया के झांसे में न आएं और अपने जीवन को सुरक्षित रखे।

## जिले के 16 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा आज-कल में

# भाजपा जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए राजनीति सरगर्मी तेज, नए चेहरे की तलाश है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बस्तर संभाग में विधायक व सांसद के लिए सीट आरक्षित है और सामान्य वर्ग के लोग जो भाजपा से जुड़े है, वो संगठन के मुख्य पदों पर आसीन होने के लिए जुगत बिठाते रहते है। कांकेर में इस बार लगभग 6 साल के लिए आदिवासी वर्ग से और उसके पहले ओबीसी वर्ग से जिलाध्यक्ष बनाया जा चुका है, इस बार सामान्य वर्ग से जिलाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाएं बनी हुई है। सामान्य वर्ग में कई ऐसे लोग भी कूद गए है, जो लंबे समय से संगठन कभी आना जाना नहीं करते थे और संगठन के लिए कभी काम नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार मंडल अध्यक्षों की घोषणा एक से दो दिनों मे हो जाएगी। कांकेर जिले में किसी जगह चुनाव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। कोयलीबेड़ा में चुनाव करवाने गए जिम्मेदारों ने मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा तक कर दिया था, परंतु उसके बाद फैले रायतें को समेट लिया गया, जिससे मीडिया में फैला रायता सामने नहीं आ पाया। इसकी चर्चा उस ईलाके में खूब हुई थी और शिकायत भी हुई थी। हरिभूमि ने पहले ही कहा कि वास्तव में संगठन में काम करने के बजाए आकाओं ने कई जगह रेत दलालों को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए नाम को प्रस्तावित किया है। नाम की घोषणा होने के बाद ही पूरी तस्वीर सामने आएगी कि वास्तव में संगठन में काम करने वालों को तवज्जो मिली कि आकाओं ने जेब भरने के लिए दलालों को मंडल का ताज पहना दिया। प्रदेश में मंडल में जहाँ स्थिति सर्वसहमति से नहीं बन पाई, वहाँ पर चुनाव 20 दिसंबर तक होगा और उसके बाद 21 दिसंबर से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रकिया शुरू हो जाएगी।

जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रकिया शुरू होने की खबर आने के बाद कांकेर में इस बार सामान्य वर्ग से ही चेहरे देने की तलाश शुरू कर दी गई है। जिलाध्यक्ष की टीम में सामान्य वर्ग से राजीव लोचन, रवि तिवारी, राजा देवनानी, अनूप सिंह, निखिल राठौर, ब्रजेश सिंह के नाम पर चर्चा किया जा सकता है। इसमें 45 से 60 उम्र वाला ही जिलाध्यक्ष बन पाएगा, उक्त दावेदार इस उम्र में गड़बड़ाता है तो दौड़ में बाहर हो जाएगा।


हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप




### केशकाल नगर पंचायत में निविदा को लेकर बवाल

**केशकाल।** केशकाल नगर पंचायत द्वारा चुनाव के पूर्व जारी निविदा 2119 को लेकर परिषद की लगातर बैठके जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो पार्षद निविदा का विरोध कर रहे हैं। और लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में यहां की सत्ता कांग्रेस के पास है। वर्तमान उजागर हुए निविदा मामले के चुनाव में ज्यादा उठने की संभावना है। उसी कारण परिषद इसी मुद्दे को सुलझाने के लिए लगातार बैठकें कर रही है। दो पार्षद मामले को लेकर कार्रवाई पर अड़े हुए हैं। अब पूरी गेंद दो पार्षद के पाले में है। यही इन दिनों चर्चा में है।

### शालेय शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव के साथ हुई बैठक



**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ ने राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए डीपीआई द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में हुई गम्भीर त्रुटियों को सामने लाते हुए उसे दूर कर जल्द पदोन्नति देने की मांग की है। संगठन की ओर से इसके लिए ज्ञापन के साथ त्रुटियों की सूची भी विभाग को सौंपी गई थी। इसी सिलसिले शिक्षा सचिव कार्यालय से आमंत्रण मिलने पर शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, अवर सचिव आरपी वर्मा और उपसंचालक आशुतोष चावरे के साथ मंत्रालय में बैठक हुई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, महासचिव धर्मेश शर्मा तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए जारी वरिष्ठता सूची की गंभीर त्रुटियों को दूर करने तथा प्राचार्य और व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति देने की मांग रखी। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बैठक के बाद बताया कि शिक्षा सचिव के साथ बैठक सार्थक रही।

## पेज 11 के शेष

### निकाय चुनाव...

पखांजूर के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारियों (रा) पखांजूर अंजोर सिंह पैकरा के सहायक अधिकारी के रूप में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सुनील जैन को नियुक्त किया गया है।

### चेक पोस्ट लगाकर...

रुबेन टोप्पो, आर दिलीप सलाम, साजन सलाम ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा मोडीफाई सायलेंसर लगाकर कई प्रकार के आवाज निकालते थे, जाँच के दौरान ऐसे मिले मोडीफाई सायलेंसर को दो पहिया वाहन से निकालकर जप्ती करने की भी कार्यवाही किया गया। मोडीफाई सायलेंसर दुबारा मिलने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की हिदायत भी दी गई।






# गुरु घासीदास जयंती समारोह में पंथी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

बाबा ने 'मनखे मनखे एकसमान' का दिया था संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में उत्साहपूर्वक मनाई गई। प्रधानपाठक मधु तिवारी ने गुरु घासीदास की जीवनी से बच्चों को परिचित कराते हुए बताया कि उन्होंने सतनाम पंथ की स्थापना के साथ समाज में नई जागरुकता लाने का कार्य किया। बिलासपुर के गिरोधपुरी में जन्मे बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमता को खत्म करने के साथ–साथ समाज में सभी लोगों को एक समान माना। इस अवसर पर गुरु घासीदास की स्तुति पर आधारित आकर्षक पंथी नृत्य का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया, जिसे भरपूर सराहना मिली। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति में शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।

■ प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में हुए कार्यक्रम

## हायर सेकंडरी स्कूल हरवेल में मनी घासीदास जयंती



**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया, हरवेल संकुल प्राचार्य जयराम मरकाम, संकुल समन्वयक पुरुषोत्तम नायक, रामसाय नाग, अर्जुन नाग और संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुरु घासीदास का पूजा अर्चना कर उनके विचारों को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। साथ ही शासन के मंशानुरूप सुशासन दिवस मनाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में निबंध, चित्रकला, भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन झगेश्वर गौर शिक्षक डिहीपारा हरवेल द्वारा किया गया।

## बुनागांव संकुल में विविध कार्यक्रम आयोजित





**कोण्डागांव।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 18 दिसंबर को बुनागांव संकुल में गुरु घासीदास जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संकुल के सभी स्कूलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में रंगोली, चित्रकला, निबंध, स्लोगन, भाषण और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक पंथी नृत्य रहा, जिसने सभी का मन मोह लिया। जनपद प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बुनागांव में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने संबोधित किया। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास को महान संत और समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मानवता के कल्याण के लिए सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शिक्षिका शकुंतला यादव, रूपेश कल्लो, सूरज नेताम, प्रदीप नाग, प्रतिभा जुर्री, रोशनी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी नेताम, ग्राम के सक्रिय पालकगण और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता ने गुरु घासीदास के विचारों को प्रसारित करने और बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिशान हुसैन ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

## अंडर–19 वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लुधियाना पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले के जिशान हुसैन ने जूडो अंडर–19 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

■ 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता लुधियाना में हुई आयोजित

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी में प्रशिक्षण प्राप्त जिशान ने प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाया। कोंडागांव जिले से कुल पांच खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, लेकिन जिशान ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा से जिले को गौरवान्वित किया। आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय, भुवनेश्वर के निर्देशन में 41वीं वाहिनी द्वारा लगातार चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। जिशान की इस उपलब्धि पर वाहिनी के जूडो प्रशिक्षक नारायण सोरेन और उदयसिंह यादव को वाहिनी के सेनानी नरेंद्र सिंह और जिला प्रशासन कोंडागांव ने बधाई दी। जिशान की जीत ने जिले के युवाओं को प्रेरित किया है और उनके प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव को एक नई पहचान मिली है।

# माड़ मुठभेड़ में घायल नाबालिगों का पुलिस की सुरक्षा में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

माड़ के कलहाजा-डोंड़रबेड़ा के जंगल में मुठभेड़ में हुई गोलीबारी में ग्राम पंचायत दिवालुर व मुरवाड़ा के चार नाबालिग भी चपेट में आ गए थे जिन्हें नक्सली ढाल बनाकर पुलिस पर फायरिंग कर रहे थे। मुठभेड़ में घायल नाबालिगों का भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर में पुलिस की सुरक्षा में डाक्टरों द्वारा उपचार कराया जा रहा है। आईजी सुंदरराज पी ने प्रेस स्टेटमेंट जारी करते हुए बताया कि माओवादी संगठन का क्रूरतापूर्ण चेहरा एक बार पुनः हुआ उजागर। शीर्ष माओवादियों के प्रोटेक्शन टीम से हुई मुठभेड़ में स्वयं सुरक्षित मैदान छोड़कर भागने के लिए नाबालिगों व ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए मानव कवच के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। महिलाएं तथा बच्चे से लेकर पूरे समाज के लिए नासूर बन गये माओवादियों की इस तरह की कायराना व अमानवीय हरकतें अब माओवादी संगठन के खात्मे का कारण बनेगी।

■ घायल नाबालिग ग्राम पंचायत दिवालुर व मुरवाड़ा के निवासी

आईजी ने बताया कि 14 दिसम्बर को पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि जिला नारायणपुर थाना ओरछा अंतर्गत ग्राम रेकावाया, इदवाड़ा, कालहाजा, ढोंढरबेड़ा, लेकावाड़ा ब्रेहबेड़ा व आस-पास के जंगल पहाड़ क्षेत्रों मे प्रतिबंधित माओवादी संगठन के कैडर्स अपने डेरा में उनके संगठन के ग्राम रक्षा सदस्य तथा कुछ ग्रामीणों एवं नाबालिकों को संतरी ड्यूटी करने और नक्सलियों का सामान ढोने के लिए साथ में रखा गया था। 12 दिसम्बर के मुठभेड़ के दौरान इन्हीं ग्रामीणों एवं ग्राम रक्षा दल सदस्यों की आड़ लेकर सुरक्षा बलों पर फायरिंग की गई थी जिसमें कुछ ग्रामीण, ग्राम रक्षा दल सदस्य एवं आस-पास उपस्थित कुछ ग्रामीणों को नक्सलियों द्वारा फायर की गई गोलियों एवं नक्सलियों द्वारा दागे गए बीजीएल सेल के फटने से घायल होने की सूचना मिली थी। जिसकी तस्दीक पुलिस द्वारा की जा रही थी।

इस दौरान 14 दिसम्बर को सूचना मिली कि ग्राम दिवालुर पंचायत मुरवाड़ा के आस-पास क्षेत्र से 3-4 ग्रामीण जिसमें कुछ नाबालिग भी हैं मुठभेड़ में नक्सलियों की फायरिंग से घायल हुए तथा ईलाज की उन्हें आवश्यकता है। घायल नाबालिगों का भैरमगढ़ अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया। भैरमगढ़ अस्पताल में प्राथमिक ईलाज कराया गया था जिसके बाद बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर में उपचार की उचित व्यवस्था की गई।



### सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप

सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोढ़ी बुधवार को सबंधित गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद बताया कि माड़ में 12 दिसंबर को पुलिस ने जिस मुठभेड़ में 7 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया था उसमें 4 आदिवासी बच्चों को भी गोली लगी है। आम तौर पर मुठभेड़ प्रभावित गांवों में सैकड़ों की संख्या में सुरक्षाबल के जवान मुठभेड़ के बाद सर्चिंग ऑपरेशन चलाते हैं। लेकिन इस मुठभेड़ के 6 दिन बाद जा कर पुलिस ने बयान जारी करते हुए बच्चों के घायल होने की बात कही है।इधर माओवादियों ने बयान जारी कर दावा किया था कि इस मुठभेड़ में पुलिस ने उनके दो साथियों का मार डाला। वहीं 5 ग्रामीणों को पकड़ कर मार डाला जिनका माओवादी संगठनों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि घायल बच्चों में एक के गर्दन पर गंभीर चोट आई है इसलिए उसे रायपुर रेफर किया गया है। इधर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभावित गांवों में पहुंची तब जा कर बच्चों को गोली लगने की बात सामने आई। बच्चों को इलाज के लिए शहर के अस्पताल जाने का दबाव बनाया तब उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।

### इन नक्सलियों की थी मौजूदगी

10 दिसम्बर को जिला नारायणपुर के थाना ओरछा क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण अबुझमाड़ के ग्राम रेकावाया, इदवाड़ा, कालहाजा, ढोंढरबेड़ा, लेकावाड़ा, कोंदाकोटी, ब्रेहबेड़ा व आसपास के जंगल पहाड़ क्षेत्रों मे प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई (एम) के सदस्य अल्लुरी कृष्णा कुमारी (एसजेडसीएम) माड़ डिवीजन प्रभारी, कार्तिक उर्फ दशरू (एससीएम) सचिव पश्चिम ब्यूरो, रनिता (एसजेडसीएम) सचिव माड़ डिवीजन, दीपक (डीव्हीसीएम) सचिव इन्द्रावती एरिया कमेटी, मल्लेश (डीव्हीसीएम) डीके सप्लाई टीम इंचार्ज, सपन्नका (डीव्हीसीएम) माड़ डीवीजन सप्लाई इंचार्ज, विमला (डीव्हीसीएम) कमांडर पीएलजीए प्लाटुन नं0 16, रामदास (एसीएम), मासे (एसीएम), कोसी (एसीएम) के साथ लगभग 50-60 प्रतिबंधित संगठन के सशस्त्र माओवादियों की अपने संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति तथा शासन विरोधी अपराधिक गतिविधियों को संचालित करने एकत्रित होने की एसआईबी तथा स्थानीय आसूचना पर डीआरजी. नारायणपुर, दन्तेवाड़ा, कोण्डागांव, जगदलपुर, एसटीएफ व सीआरपीएफ ग्राम कालाहाजा, लेकावाड़ा, कोंदाकोटी के जंगल पहाडी की ओर रवाना हुए थे।

## विजय दिवस पर 1971 युद्ध के संबंध में बताया

# लेफ्टिनेंट जनरल बीके चतुर्वेदी ने साझा की युद्ध की आपबीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1971 भारत–पाक युद्ध के साक्षी लेफ्टिनेंट जनरल बी.के. चतुर्वेदी ने अपने युद्ध अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने सीमित संसाधनों के बावजूद पाकिस्तानी सेना को करारी शिकस्त दी। 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। इस ऐतिहासिक जीत के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र त्रिपाठी ने कोण्डागांव के पूर्व सैनिकों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यहां के पूर्व सैनिकों ने 1,200 बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम योगदान दिया है। राष्ट्रीय महासचिव रमेश प्रसाद पांडे ने युवाओं को मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संदेश दिया। नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव ने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के प्रशिक्षण के साथ नगर की सफाई व्यवस्था में भी सहयोग कर रहे हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि आज भारत सैन्य–शक्ति में इतना सशक्त है कि वह दुश्मनों को उनके घर तक जाकर करारा जवाब दे सकता है।




### ये हुए शामिल

*इस अवसर पर कोण्डागांव के पूर्व सैनिकों और नवजवानों के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, नगरवासी और युवा शामिल हुए।*

# कोपागुड़ा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को लेकर कांग्रेस करेगी 21 को पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरनार के ग्राम पंचायत मारकेल 1 में कोपागुड़ा में एनएमडीसी द्वारा बनाए जाने वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को भाजपा सरकार द्वारा निरस्त करने के विरुद्ध विनिवेशीकरण के नाम पर निजीकरण, स्थानीय युवाओं के रोजगार को लेकर 21 दिसम्बर को पहले चरण की विशाल पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी। इस पदयात्रा कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणजन मौजूद रहेंगे।

■ नगरनार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैठक में पूर्व विधायक ने बनाई रणनीति



### सरकार पूरी तरह निष्क्रिय

रेखचंद जैन ने कहा कि सरकार ने सिर्फ बस्तर के लोगों को छलने का काम किया। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर यह सरकार पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो चुकी है। 21 दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी खूटपदर के कोपागुड़ा में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मांग व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नगरनार से खूटपदर व खूटपदर से लेकर जगदलपुर तक की विशाल पदयात्रा करेगी।

## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने टीम का गठन

**बीजापुर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024, नगर पालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचन प्रक्रिया में बीजापुर जिले में आदर्श आचरण संहिता के पालन करवाने हेतु आदर्श आचरण संहिता एमसीसी टीम का गठन किया गया है। जिसके तहत जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी रा. बीजापुर को प्रभारी अधिकारी तथा डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर एवं क्रुपा समुद्रा पाल दास वेपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### युवा महोत्सव का आयोजन आज से

**सुकमा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के तत्वाधान में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पुराणिक ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 19 दिसंबर को सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ में किया जाएगा और जिलास्तरीय आयोजन 22 दिसंबर को सुकमा में किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक एवं एकल लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रलेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता, हस्तशिल्प विकास एवं विज्ञान मेला से संबंधित आयोजन किए जाएँगे। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी युवा अपने निवास क्षेत्र के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### संपत्ति विरूपण के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आचार संहिता प्रभावशील होने के तिथि से मतगणना परिणाम की घोषणा होने तक नगर पालिका परिषद बीजापुर में छत्तीसगढ़ सम्पति विरूपण अधिनियम 1994 का पालन कराने एवं कानून व्यवस्था प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत नगरीय क्षेत्र में लगाये गये अनुचित दिवाल पेंटिंग, पोस्टर, पाम्पलेट, बैनर आदि को निकालने/हटाने के लिए तथा दैनिक प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु क्रुपा समुद्रा पाल दास वेपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् बीजापुर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### अनुमति प्रदान करने प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर में आचार संहिता लागु होने के साथ-साथ अध्यक्ष/पार्षद के लिए मतदान तथा मतगणना किया जायेगा। आचार संहिता के प्रभावशील अवधि में नगर पालिका क्षेत्र में आम सभा, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा वाहन की अनुमति देने हेतु प्रभारी अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर को नियुक्त किया गया है। तथा इनकी अनुपस्थिति में कार्य निर्वहन करने हेतु उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को नियुक्त किया गया है।

### डीएमसी, बीआरसी और अधीक्षिका के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

# दोषियों को बचाने को अड़ा प्रशासन

## चक्का जाम और कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




छिंदगढ़ ब्लॉक के बालाटिकरा स्थित आवासीय पोटाकेबिन में दूसरी की छात्रा की मौत का मामला राजनीतिक मोड़ ले लिया है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन पर भाजपा नेता की अधीक्षिका पत्नी को बचाने का आरोप लगाया है।

सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बच्ची की मौत के लिए पोटाकेबिन प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस जांच दल को पोटाकेबिन में घुसने नहीं देना और पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर बल पूर्वक रोका जाना, इस बात को प्रमाणित करता है कि जिला प्रशासन दोषियों को बचाने पर अड़ा हुआ है। पोटाकेबिन में फैली अव्यवस्था और बच्चों की दी जाने वाली सुविधाओं की सच्चाई बाहर न आ जाए इसलिए प्रशासन हर स्तर पर कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है। लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। जब तक डीएमसी, बीआरसी और अधीक्षिका के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज नहीं हो जाता तब तक आंदोलन करते रहेगी। जल्द ही कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट घेराव के साथ चक्का जाम किया जाएगा। मीडिया से चर्चा करते हुए कवासी हरीश ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एर्राबोर में एक मामला सामने आया था, जिसमें तत्काल कार्रवाई करते हुए बीआरसी, बीईओ और अधीक्षिका को निलंबित किया गया था। लेकिन भाजपा के आदिवासी सीएम की सरकार में आदिवासी बच्चों को मौत के मुंह में धकेलने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है।

अव्यवस्था पर अधीक्षिका की शिकायत लेकर पोटाकेबिन की छात्राएं कलेक्टोरेट आई थीं। यदि समय रहते जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लेता तो आज यह नौबत नहीं आती। पोटाकेबिन अधीक्षिका भाजपा नेता की पत्नी है इसलिए प्रशासन द्वारा बचाया जा रहा है। भाजपा नेताओं के दबाव में जिला प्रशासन काम कर रहा है। आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देंगे। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम की व्यवस्था नहीं है। आज भी जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

### प्रभारी मंत्री केदार कश्यप को लिया आड़े हाथों

हरीश कवासी ने प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के हाल ही दिए गए बयान पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि केदार कश्यप नारायणपुर के विधायक हैं और उनके निर्वाचन क्षेत्र में ही शैक्षणिक संस्थाओं को बुरा हाल है। बालिका आवासीय विद्यालयों में आदिवासी छात्राएं शौचालय में सोने को मजबूर हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद प्रभारी मंत्री का बेतुका बयान सामने आता है। उनके द्वारा खबर छापने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी जाती है। इस दौरान सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, राजू राम नाग, शेख सज्जार, समीर खान, राजेश नारा, मुकेश कश्यप, मोहम्मद हुसैन और सतेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

## नगरपालिका कर्मचारियों के हड़ताल से शहर में फैली अव्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली नगर पालिका के प्लेसमेन्ट और नियमित कर्मचारियों के हड़ताल के कारण शहर में चारों और गंदगी पसरा पड़ा है। नालिया गंदगी से भरी पड़ी है। पुराना मार्केट से लेकर 2 नम्बर बंगाली कैप तक हर जगह गंदगी का आलम है। हड़ताल का असर साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। साथ ही दैनिक वेतन भोगी और नियमित कर्मचारियों के मांग के कारण हड़ताल पर जाने से पालिका का नियमित कार्य भी ठप्प पड़ा हुआ है। टेंडर प्रकिया, सरकारी जानकारी, मैंटेनेन्स के सभी कार्य बंद पड़ा हुआ है। शहर अस्त-व्यस्त है और समस्या के समाधान की संभावना कम दिखाई पड़ रही है। इनका पालिका क्षेत्र में ठेका प्रथा खत्म करना, वेतन बढ़ाना, पुराने प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करना, 1 तारीख को वेतन प्रदान करना मांग शामिल है। प्लेसमेंट कर्मचारियों और नियमित कर्मचारियों की अलग-अलग मांग है।

## जल एवं ऊर्जा संरक्षण पर किसानों को जागरूक करने कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला क्रेडा विभाग द्वारा 65 किसान को कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर पनारापारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में अरुण कुमार सकनी वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से किया गया। संदीप कुमार बंजारे सहायक अभियंता द्वारा किसानों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए ऊर्जा बचत करने के हेतु स्टार रेटेड विद्युत उपकरणों के उपयोग कर बिजली बचत करने हेतु जागरूक करते हुए प्रशिक्षित किया गया साथ ही साथ बिजली उत्पादन के साधन कोयला, ईंधन, कच्चा तेल सीमित मात्रा को देखते हुए सौर ऊर्जा से संचालित सौर संयंत्रों की स्थापना एवं उनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। जल संरक्षण के संबंध में वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए ड्रिप सिंचाई कर कम से कम पानी से अधिक उत्पादन करने हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में क्रेडा विभाग के दुर्गेश सिंह ठाकुर, धनसिंग ठाकुर ऊर्जा संरक्षण प्रभारी, क्रेडा के अन्य कर्मचारी, कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर बीके ठाकुर, अरविन्द कुमार आयम, दिनेश कुमार मरापी कृषि एवं अन्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में मितानिन सम्मेलन




बीजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उपस्थित रहे। बीईटीओ, डीसी, बीसी, एसपीएस, एमटी मितानिन कार्यक्रम भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिनों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए निक्षय निरामय अभियान अंतर्गत टीबी लेप्रोसी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संभावित मरीजों को चिन्हांकित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली मितानिन बहनों को शाल देकर सम्मानित किया गया। सभी मितानिन बहनों के साथ अन्य गतिविधियां खेलकूद आदि भी की गई। अंत में सभी मितानिनों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

## जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी एलएल धनेलिया एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमलदास झाड़ी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 दिसंबर एवं 17 दिसंबर को कन्या रेसीडेंशियल स्कूल बीजापुर ऑडिटोरियम में एपीसी प्रशिक्षण, डीआरजी एवं बीआरजी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जिले की सभी विकासखंडों से चयनित 10-10 कुशल मास्टर ट्रेनर्स कुल 40 बीआरजी शिक्षकों का राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स डीआरजी अनिल मिश्रा एवं राजकुमार मोडियम द्वारा यूथ एवं इको क्लब में पोषण वाटिका के अंतर्गत छात्रों के भविष्य के लिए एक कदम, जगह का चयन, मिट्टी की तैयारी, फसल का चयन, फसल चक्र, बीच संकलन, प्रदर्शनी, नक्शा, बुवाई, फसल वृद्धि के कारण, फसल सुरक्षा तथा कटाई जैसे उद्देश्यों को समझाया गया। इसके अलावा प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत पानी में प्रदूषण, समुद्र पर प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक का परिचय, प्लास्टिक और उसके प्रकार, प्लास्टिक का सफर, प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक के विकल्प, जमीन मेला से संबंधित गतिविधियां कराई गई। इस प्रशिक्षण में विकासखंड से आए बीआरजी शिक्षकों ने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण लिया। अंतिम दिवस एपीसी प्रशिक्षण वेंकट रमन द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताई गई सभी बिंदुओं को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण में बताते हुए यूथ एवं इको क्लब का बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया गया।

## सुशासन दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से लेकर कलेक्टर गेट तक साइकिल रैली भी निकाली गई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सरकार के द्वारा रेड रिबन काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें सुशासन दिवस पर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों की चर्चा भी की गई। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं को छात्र-छात्रा के मध्य सांझा किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, संगोष्ठी में छात्रा-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रंथपाल कार्यक्रम संयोजक एवं सदस्य सुश्री प्रभा मांझी, डॉ. दिनेश कुमार लहरी, डॉ. भारती रजक, के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता गण, कर्मचारीगण एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

## जावंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर आरंभ




**गीदम।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत मडसे में सरपंच रामू राम वेक के द्वारा हुआ। इस अवसर पर पंच सोनी, लखमू राम वेक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवम शिविर संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र माहला के सहयोग से रहा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अंकित कुमार गुप्ता संघ प्रमुख गीदम ब्लॉक उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चो को प्रेरणा रूपी बातें कही एवं उद्देश्य को साझा किया। इस कार्यक्रम में शिविर के 55 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लेकर 7 दिन के इस विशेष शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## भैरमगढ़ व भोपालपटनम में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कृषि विभाग द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आईएफएडी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चयनित महिलाओं पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकि सहयोगी संस्था पीसीआई के सहयोग से 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर्स, सुपरवाईजर, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि अधिकारी प्रताप सिंह कुशरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पिंगल कुमार नाग, ब्लॉक टेक्नोलॉजिकल अधिकारी, शांता मरकाम वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार जैन एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




### माओवाद प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

# हमें विश्वास हो रहा कि हम भी अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्ला नार योजना के तहत महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। शासन की मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं को कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जोर देने के साथ ही उनके बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर की दिशा में जोर देने के साथ उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दे रहा है। संवेदनशील ग्राम एल्मागुण्डा में आस-पास के गांवों की 30 महिलाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में शामिल देवे मंडावी ने बताया कि पहले हमें लगता था कि केवल पुरुष ही कमाई कर सकते हैं, लेकिन अब हमें यह विश्वास हो रहा है कि हम भी अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। शासन-प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए मंडावी ने अपने जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम मान रही हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ उन्हें आत्मनिर्भरता और अग्रसर हो रही है। इस प्रशिक्षण का असर महिलाओं के नजरिए और आत्मविश्वास पर साफ दिख रहा है। प्रशिक्षण में भाग ले रही सोढ़ी राजे ने बताया कि कपड़ा सिलाई का प्रशिक्षण पाकर हम न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि अपने परिवार का आर्थिक सहयोग भी कर पाएंगे।



## खबर संक्षेप



### 23वां पेंशन दिवस समारोह में 3 हजार पेंशनर शामिल

**दुर्गुकोंदल।** पेशन दिवस सह सम्मान समारोह का 23वां सम्मेलन पूर्व मंत्री महेश गागडा के मुख्य आतिथ्य एवं डा डीपी के अध्यक्षता में बीजापुर के मंगल भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ के 28 जिला से लगभग 3000 पेंशनरीयों ने भाग लिया। मातृ शक्ति की सहभागिता भी उल्लेखनीय रहा 80वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरो तथा सक्रिय मातृ शक्तियों का सम्मान मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा पेंशनरों के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन के नाम छः सूत्रीय मांग मुख्य अतिथि को ज्ञापन सौंपा गया, जिसे आगामी तीन दिवस के अंदर मुख्यमंत्री तक पहुचाने का आश्वासन दिया। आगामी पेंशन दिवस सह सम्मान समारोह 17 दिसंबर को महासमुंद में आयोजित किया गया।

### बालक छात्रावास सरोना में मनाई गुरु घासीदास जयंती



**सरोना।** प्री-मैट्रिक आदर्श बालक छात्रावास में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर छात्रावास के छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कार्यक्रम को और भी खास बनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने गुरु घासीदास के शिक्षाओं और उनके योगदान को याद करते हुए भव्य नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने समाज में समानता, भाईचारे और अहिंसा का संदेश देने का प्रयास किया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय लोग उपस्थित रहें, जिन्होंने इस आयोजन को सराहा और गुरु घासीदास के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### छात्राएं अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव के लिए चयनित

**जगदलपुर।** अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय कालीपुर स्थित शिक्षा अध्ययन शाला में किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं लोक नृत्य, समूह गायन, क्विज, वाद विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग थीं। इस प्रतिस्पर्धा में चयनित छात्र छात्राओं का भारतीय विश्वविद्यालय बैंगलुरू में साऊथ -ईस्ट जॉन अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव में हुआ है। जिसमें शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं का भी चयन हुआ है जिसमें दक्षिता राठौर बी ए तृतीय वर्ष (विपक्ष) वाद - विवाद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं द्वितीय में गजाला परवीन (पक्ष) रही हैं समूह नृत्य में प्रथम रही हैं साक्षिता रेड्डी, मनमती सिन्हा, सावित्री बघेल ये सभी छात्राएं विभिन्न विधाओं में अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त की हैं।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

जगदलपुर। शहर के शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर के अंतर्गत मंगलवार को छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और पूरे गांव में घर-घर जाकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य किया। परियोजना कार्य के तहत प्रायमरी हेल्थ सेंटर के परिसर और आसपास के स्थलों में साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही बौद्धिक परिचर्चा के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग,
बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग,
स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग,
बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग
में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

**सावधानी : हाहालदी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी**

# खान-खनिज संरक्षण सप्ताह में निरीक्षण दल ने पर्यावरण सुरक्षा पर जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मीवान स्टील्स लिमिटेड की दोड़दे-हाहालदी लौह अयस्क खदान में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया गया। निरीक्षण दल के सदस्यों के द्वारा भी पर्यावरण संबंधी जानकारी देकर मौजूद लोगों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए हुए निरीक्षण दल के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण किया। माइंस प्रबंधन द्वारा आए हुए अतिथियों का छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। इस आयोजन में दोड़दे एवं हाहालद्दी ग्राम के विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस आयोजन की भव्यता पर चार चांद लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत गीत व छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य के साथ किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाने के महत्व को समझाने के लिए पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी गई, जो निरीक्षण दल के सदस्यों को बहुत ही पसंद आया। निरीक्षण दल द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त खदान के कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए नाट्य प्रस्तुति एवं संबोधन दिया गया। कार्यक्रम में निरीक्षण दल द्वारा खदान के कर्मचारियों को भी पोस्टर एवं स्लोगन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तथा कार्यक्रम में पधारने के लिए खदान प्रबंधक सुभाष सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात निरीक्षण दल द्वारा खदान का भ्रमण कर निरीक्षण एवं जरूरी दस्तावेजों का अवलोकन किया गया।



निरीक्षण दल द्वारा पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएमडीसी कंपनी के सुशांत रामटेके, हिन्डाल्को कंपनी के दीपांजन साहा, नूवोको विस्टा कंपनी से मोतीराम जाट, मजदूर समिति के अध्यक्ष सूरज नेताम ग्राम दोड़दे-हाहालद्दी के गायता रामदयाल तुलावी व खदान प्रबंधक सुभाष सिंह, खदान के कर्मचारी व कामगार उपस्थित रहें।

## दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना क्षेत्र चारामा के नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। नाबालिग का तबियत बिगड़ने पर उसे रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां नाबालिक के गर्भवती होने की जानकारी मिला था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा से अस्पताली मेमो चारामा थाना में पेश कर बताया गया कि एम्स अस्पताल टाटीबंध रायपुर में उपचार के लिए भर्ती मरीज सिर दर्द एवं बुखार से पीड़ित था। उपचार के दौरान पता चला कि पीड़िता मरीज की उम्र 17 वर्ष है व वह मरीज गर्भवती है। थाना आमानाका, जिला रायपुर में शून्य में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटनास्थल थाना चारामा अंतर्गत होने पर मामले की अग्रिम विवेचना के लिए प्रकरण की डायरी थाना चारामा को प्राप्त हुई, जिसकी असल नंबरी दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामला नाबालिग से संबंधित होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार के मार्गदर्शन और एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में चारामा पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू किया। आरोपी का पता तलाश के दौरान जानकारी मिला कि आरोपी तालाबपारा डोकला निवासी 23 वर्षीय छबीराम देवांगन पिता अश्वनी के द्वारा पीड़िता को अपने घर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग जानते हुए भी उसकी इच्छा के विरूद्ध दुष्कर्म बनाया था। पीड़िता का तबियत अत्यधिक खराब होने से एम्स रायपुर में भर्ती होकर इलाज के दौरान पता चला कि वह गर्भवती है। आरोपी द्वारा उसके इच्छा के विरूद्ध नाबालिग जानते हुए उक्त पीड़िता से दुष्कर्म किया है कि घटना थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत होने से थाना चारामा अपराध क्रमांक 171/24 धारा 64 बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिससे न्यायालय द्वारा न्यायिक निर्माण पर जेल भेजा गया।



## झरीपारा की समस्याओं पर विधायक ने दिया आश्वासन



■ विधायक को ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी दी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम झरीपारा में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी के प्रवास के दौरान ग्रामीणों के द्वारा पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी समस्याओं के निवारण के लिए भेंट मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया।

झरीपारा में लंबे समय के बाद क्षेत्र के विधायक का आगमन होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई और अपने आप में खुशी महसूस करते हुए स्वागत किया। विधायक को देखकर ग्रामीणो को उम्मीद हुआ कि अब गांव का विकास होगा। ग्रामीण अपने विभिन्न बुनियादी समस्याओं को सीधा विधायक से मिलकर अवगत कराया, जिसमें प्रमुख रूप से तालाब निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, सड़क निर्माण, विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, सीसी सड़क, हैंडपंप की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने तत्काल शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा, जिसमें बहुत जल्दी मांग पूरी होने की उम्मीद है। विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि सारे काम धीरे-धीरे हो जाएंगे, मुझ पर विश्वास करो। मैं आप लोगों के प्रति समर्पित हूं और विशेष रूप से मेरे द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं विभिन्न बुनियादी समस्याओं का हल करना मेरा पहली प्राथमिकता होगी। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा विधायक से भेंट मुलाकात पर जिला पंचायत सदस्य अमिता उईके, जनपद सदस्य मुकेश्वरी नरेटी व ग्रामीण उपस्थित रहें।



## बस्तर ओलंपिक में कांकेर के पुरुष वर्ग सीनियर टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर ओलंपिक में जिले के कई प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल के जरिए अपना जौहर दिखाया। कई प्रतिभागी खेल में जीते तो कई प्रतिभागी ने हार का सामना किया। बस्तर ओलंपिक में जिला कांकेर के सीनयर हॉकी टीम फाईनल में पहुंची और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सेमी फाइनल मैच कांकेर और कोंडागांव के बीच 13 दिसंबर को हुआ, जिसमें कांकेर ने कोंडागांव को 3-0 से हराया और फायनल में अपनी जगह बना लिया। फाईनल मैच 14 दिसंबर को पंडरीपानी में कांकेर और जगदलपुर के बीच खेला गया और यह मैच बहुत ही रोमांच रहा। कांकेर और जगदलपुर मैंच अंतिम समय तक कस्मकश बना रहा और अंततः कांकेर ने जगदलपुर को 2-1 से हराया। जिला हॉकी एसोसिएशन कांकेर के सरंक्षक डॉ. लोकेश देव ने कहा कि कांकेर के हॉंकी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और उसी का परिणाम रहा कि खिताब कांकेर ने जीता। इस अवसर पर हॉकी कोच मनीष सिन्हा, उपेंद्र ध्रुव, गजेन्द्र मंडावी, महेन्द्र सिंह नाग, संतोष यादव, शेखर मंडावी, डामेंद्र मंडावी, पीयूष साहू, केवल नाग, पामेश, शिशुपाल शोरी, प्रकाश मंडावी, पुष्कर जैन, कमलेश मर्रापी, भानु वट्टी, सोमू राम, सागर गुप्ता, अजीत,पिंटू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खमढोड़गी में कक्ष का लोकार्पण कर परियोजना किया हैंडओवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम खमढोड़गी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शासकीय स्कूल परिसर में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एसबीआई ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थन संस्था द्वारा पिछले 3 वर्षों में किए गए कार्यों का प्रभावी समापन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आजीविका, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी के प्रयासों को सराहा गया। इस अवसर पर पंचायत, स्कूल और स्व-सहायता समूहों को परियोजना की सभी सामग्रियों का औपचारिक हैंडओवर किया गया। ग्रामीणों ने समर्थन संस्था एवं एसबीआई फाउंडेशन को सफल क्रियान्वयन के लिए आभार व्यक्त किया और संस्था की कार्य प्रतिबद्धता की सराहना की। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक शाला के शिक्षकगण, स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समर्थन संस्था के लिए यह कार्यक्रम एक गौरवशाली अवसर रहा, जिसने सामुदायिक विकास के लिए उनके समर्पण को और मजबूती दी। इस आयोजन ने भविष्य में भी सामुदायिक भागीदारी के साथ सतत विकास के कार्यों को नई ऊर्जा और प्रेरणा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। यह दिन ग्राम खमढोड़गी के लिए विकास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में यादगार रहेगा।


## यूनिसेफ के नोनी जोहर कार्यक्रम में शामिल हुए कांकेर के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




यूनिसेफ द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस नोनी जोहार कार्यक्रम में पर जिले की स्वयं सेवक भी शामिल हुए, जहां उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों की जानकारी मिली, साथ ही उन्हें मानसिक रूप से मजबूत कैसे रहे, इस पर भी चर्चा हुई।

आयोजित कार्यक्रम में राज्य के अलग अलग जिले से वालेंटियर शामिल हुए सभी अपने कार्यों का उल्लेख विभिन्न विधाओं के माध्यम से करके दिखा रहे थे। यूनिसेफ के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आयोजित कार्यशाला में कांकेर जिले के अभिनय सिंह ठाकुर जिला समन्वयक यूनिसेफ के द्वारा जिले से वॉलिंटियर गोविंद सिन्हा, रानू गुप्ता, रविन्द्र यादव को शामिल कराया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य , मासिक धर्म के बारे में यूनिसेफ के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि किशोर एवं किशोरियों में कम उम्र में ही मानसिक तनाव का शिकार हो जाते है, इसे दूर करने सबंधित विस्तार से चर्चा हुई। कानून की बारीकियों को जाना और परखा साथ ही बालिकाओं के शक्ति सम्मान स्वाभिमान की थीम पर यूनिसेफ ने बालिकाओं को आगे ले जाने संबंधित जानकारी दी इसमें बाल शिक्षा ,संतुलित आहार , एक खत अपने ख्वाबों पर आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई ।



## बंग समाज ने की सामाजिक भवन की विधायक से मांग

**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर नगर पहुंचीं थी, उसी दौरान बंग समाज दुर्गुकोंदल का एक प्रतिनिधिमंडल दुर्गुकोंदल के सरपंच पार्वती शोरी के नेतृत्व में विधायक से रेस्ट हाउस में मुलाकात किया। बंग समाज के लोगों ने विधायक को अवगत कराया कि उनके समाज के लगभग 50 परिवार दुर्गूकोंदल में विगत कई वर्षों से निवास कर रहे हैं । समाज के धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए समाज का कोई भवन नही है, जिसके चलते कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि आपके माध्यम से समाज के लिए एक सामुदायिक भवन मिल जाता तो हमारी समस्याओं का समाधान हो जाता। सामाजिक भवन की माँग के लिए बंग समाज ने मांग पत्र भी सौंपा। विधायक ने बंग समाज के प्रतिनिधियों की बात को सुनकर विधायक ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में निश्चित रूप से आपकी मांग गंभीरता पूर्वक विचार करूंगी।

## दाई कर्मचारी संगठन को शैक्षणिक सामग्री वितरित



**सरोना।** बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिम्मेदारिन दाई कर्मचारी संगठन ने एक विशेष पहल की शुरुआत की। संगठन ने नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की, ताकि वे बेहतर तरीके से परीक्षा की तैयारी कर सकें। यह पहल खासकर उन बच्चों के लिए की गई है, जिनके पास परीक्षा गाइड या अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री नहीं है। आज बच्चों को परीक्षा गाइड, प्रैक्टिस पेपर, पेंसिल, रबर, पेन आदि वितरित किए गए, ताकि उन्हें अपनी तैयारी में कोई कमी न हो। संगठन के सदस्यों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है और इस कदम से बच्चों को उचित संसाधन मिलेंगे, जिससे उनकी तैयारी बेहतर हो सके। इस पहल को लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों ने भी खुशी जताई और संगठन का धन्यवाद किया। धौराभाठा में यह पहल बच्चों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर उभरी है और इसके जरिए उन्हें परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का एक नया अवसर मिलेगा।

## विस अध्यक्ष ने फेडरेशन का किया पोस्टर विमोचन



**जगदलपुर।** प्रदेश में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने युवाओं को खेल प्रति जागरूक करने बालिकाओं को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का स्थापना किया गया है, जो सेक्शन 8 कम्पनी पंजीकृत एक एनजीओ है। इसका पोस्टर विमोचन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था के सदस्यों को समाज हित में बेहतरीन कार्य करने को कहा।

विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी कोच संगठित होकर प्रदेश में मजबूत खेल का वातावरण बनाना, प्रदेश के बालिकाओं को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देकर साहसी बनाना, युवाओं को नशे के लिप्त से दूर कर खेल के प्रति जागरूक करना। प्रदेश के वनांचल क्षेत्र आदिवासी वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुंचाने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन पूरे प्रदेश में कार्य करेंगी।

